>

Title: Regarding opening of Kendriya Vidyalaya in Jamui, Bihar.

**श्री भूदेव चौधरी (जमुई) :** सभापति महोदय, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। मैं आपका ध्यान शून्यकाल के माध्यम से बिहार राज्य के जमुई लोकसभा क्षेत्र की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। जो मेरा जमुई क्षेत्र है, यह क्षेत्र अपने आप में एक संवेदनशील क्षेत्र है। गरीब बाहुल्य तथा अत्यन्त ही पिछड़ा हुआ इलाका है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिले में एक भी केन्द्रीय विद्यालय नहीं है जिससे क्षेत्र के दलितों और गरीबों के बच्चे अच्छी शिक्षा के पठन पाठन से वंचित रह जाते हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि जमुई जिले में एक केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना किये जाने के निमित्त सरकार आवश्यक कार्रवाई करे।